भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 824
सोमवार, 28 जुलाई, 2025 (6 श्रावण, 1947, (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएँ

824. श्री मल्लिकार्जुन खरगे:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान देश भर में कुल हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं और उक्त दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले व्यक्तियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने उत्तराखंड राज्य में हाल में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं का संज्ञान लिया है तथा लगातार हो रही घटनाओं के कारणों का आकलन किया है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या उपचारात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की गई है;

(ग) यदि हां, तो जान-माल की हानि का ब्यौरा तथा उससे हुई आर्थिक हानि का मूल्य क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (घ): पिछले पाँच वर्षों के दौरान भारतीय अनुसूचित पंजीकृत हेलीकॉप्टरों की 12 दुर्घटनाएँ हुई हैं। राज्यवार विवरण इस प्रकार है:

क्रम. सं.	राज्य	दुर्घटनाओं की संख्या	मृतकों की संख्या
1.	छत्तीसगढ़	1	2
2.	महाराष्ट्र	4	7
3.	उत्तराखंड	7	21

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने चारधाम यात्रा सहित देश में हेलीकॉप्टर प्रचालनों के लिए सुरक्षा मानदंडों को दोहराया है, जिसमें प्रवेश नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था में सुधार, स्लॉट आवंटन को विनियमित करने, पायलट प्रशिक्षण को बढ़ाने और मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

इसके अतिरिक्त, डीजीसीए ने चारधाम यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर परिचालन की अतिरिक्त निगरानी और सुरक्षा ऑडिट शुरू कर दिया है।

*****